# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304

**E-Mail Id-**eeupjnsrn@gmail.com ***CUG Mobile No.-*** +91 9473942678


पत्रांक 3088 / कार्य - 65 / 21 दिनांक– 20.06.2026

सेवा में,


मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण,
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर ई–पेपर न्यूज दिनांक 20.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "जंगीगंज के चौरा कला में जल जीवन मिशन योजना अधूरीः तीन सोलर पैनल चोरी होने से पेयजल आपूर्ति ठप, समाधान का इंतजार कर रहे ग्रामीण" के सम्बन्ध में।**

**महोदय**

उपरोक्त विषयक **दैनिक भास्कर ई–पेपर न्यूज दिनांक 20.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "जंगीगंज के चौरा कला में जल जीवन मिशन योजना अधूरीः तीन सोलर पैनल चोरी होने से पेयजल आपूर्ति ठप, समाधान का इंतजार कर रहे ग्रामीण"** से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि चौराकला पेयजल योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय,01 नग सोलर पैनल, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, 12.985 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 348 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, 01 नग सौलर पैनल के कार्य पूर्ण करा लिए गए है, 12.985 किमी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 11.623 किमी0 , 348 नग पेयजल गृह संयोजन के सापेक्ष 273 नग गृह जल संयोजन एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है, अवशेष निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। तदानुसार कार्य प्रगति पर है। दिसम्बर 2026 तक योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।




भवदीय

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उप्र0 जल निगम (ग्रामीण) मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज भदोही को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्यो को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner